THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C. M. IBRAHIM): (a) to (c) There is a proposal to rename the Calicut Airport after the Late Shri V.K. Krishna Menon. However, the recommendations of the State Government of Kerala have not yet been received a final decision will be taken only after receipt of there views.

इंडियन एयरलाइन्स और एयर इंडिया के उड़ान के अयोग्य विमान

2176. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **नागर विमान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 से 1996-97 की अवधि में इंडियन एयरलाइन्स तथा एयर इंडिया के अंतर्गत संचालित विमानों में से कितने विमानों को उड़ने के अयोग्य करार दिया गया है ;

(ख) इन अयोग्य घोषित किए गए विमानों के बदले कितने विमान किन-किन देशों से क्रय किये गये हैं ;

(ग) वर्तमान में उपलब्ध विमानों की क्रय अवधि क्या है और इनकी निर्धारित उड़ान क्षमता की अवधि कब तक निर्धारित है ; और

(घ) इन्हें बदलने के लिये किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी.एम. इब्राहीम) : (क) वर्ष 1994-95 से वर्ष 1996-97 तक की अवधि के दौरान एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स द्वारा प्रचालित सभी विमानों के पास नागर विमान निदेशालय द्वारा जारी उड़न योग्यता प्रमाणपत्र थे ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) विमानों की खरीद का वर्ष संलग्न विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)** विमानों के लिए कोई मियाद निर्दिष्ट नहीं की गयी है । किसी भी विमान का प्रचालन उसकी उड़न योग्यता के अध्यधीन जारी रह सकता है ।

(घ) एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स की नौवीं योजना अवधि के दौरान अपने बेड़े के नवीकरण और विस्तार को जारी रखने की योजना है ।

विवरण

	विमान किस्म	विमानों की संख्या	खरीद वर्ष
एअर इंडिया	B-747-200	1	1971
		1	1972
		1	1975
		1	1978
		2	1979
		2	1980
		1	1987
	B-747-300	2	1988

	विमान किस्म	विमानों की संख्या	खरीद वर्ष
	A300-B4	3	1982
	A310-300	5	1986
		1	1987
		2	1990
	B-747-400	3	1993
		1	1994
		2	1996
इंडियन एयर लाईंस	A300	3	1976
		2	1978
		1	1979
		2	1980
		2	1982
	A320	11	1989
		7	1990
		7	1993
		5	1994
	B737	4	1980
		4	1981
		4	1982

दिल्ली-पटना भागलपुर-कलकत्ता क्षेत्र के लिए विमान सेवा

2177. **श्री जनार्दन यादव : क्या नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की दिल्ली-पटना-भागलपुर-कलकत्ता के लिए विमान सेवा शुरू करने की योजना है ;

(ख) क्या यह सच है कि भागलपुर कमीशनरी व्यापार का एक बहुत बड़ा केन्द्र है जहां से रेशमी वस्त्रों का विदेशों को निर्यात होता है और वहां एक अच्छा हवाई अड्डा भी है ;

(ग) यदि उपरोक्त बातें सही हैं तो क्या सरकार दिल्ली-पटना-भागलपुर-कलकत्ता के लिए विमान सेवा आरम्भ करेगी; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) से (घ) इंडियन एयरलाइन्स/एलाइंस एयर की दिल्ली-पटना-भागलपुर-कलकत्ता सेक्टर पर सेवाएं शुरू करने की कोई योजना नहीं है ।

भागलपुर हवाई अड्डा बिहार राज्य सरकार का है । विमानों की कमी तथा प्रचालनात्मक कठिनाइयों के कारण, इंडियन एयरलाइन्स तथा एलाइंस एयर की भागलपुर से होकर प्रचालन करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है । तथापि, निजी प्रचालकों को साहयता के आधार पर, अपने नेटवर्क में और स्टेशन जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।